उज्जीवन फाइनेंस का पब्लिक ऑफर 28 को खुलेगा

मुंबई (संवाददाता)। एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी माइक्रो फाइनेंस संस्थान, उज्जीवन फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड (यूएफएस) ने ३५८ करोड़ रुपए जुटाने के लिए २८ अप्रैल को पूंजी बाजार में प्रवेश कर रही है। यह निर्गम आगामी ०२ मई २०१६ को बंद होगा।

यूएफएस के एमडी एवं सीईओ समित घोष ने कहा, यूएफएस एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (नॉन बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनी) के तौर पर २००५ में परिचालन शुरू किया था। ३१ दिसंबर, २०१५ तक यूएफएस ने ४७० शाखाओं और ७,८६२ कर्मचारियों के नेटवर्क के माध्यम से २४ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में २७.७ लाख सक्रिय ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान की है। १० रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर के मूल्य सीमा २०७ रुपये से २१० रुपये निर्धारित किया गया है। कंपनी ने इस नए निर्गम से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग अपना पूंजी आधार बढ़ाने के लिए प्रस्ताव रखा है। कंपनी की इक्विटी शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किया जाना प्रस्तावित है।

यूएफएस के एमडी एवं सीईओ समित घोष मुंबई में पब्लिक इस्यू के विवरण की घोषणा करते हुए।

फोटो : दुलाल देबनाथ।